तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024



12 सशिमं खर्रा में मनाई गई देवउठनी एकादशी





10 नगपुरा के खिलाड़ियों को मिला फ्लड लाइट वाला वालीबॉल कोर्ट











**धान खरीदी : शासन द्वारा आज से की जाएगी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी**

# उपार्जन केंद्रों में आज से दिखेगी रौनक, पहले दिन धान बेचने 2800 किसानों ने कटाया टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। इसके तहत किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीद कर बैंक खातों के माध्यम से ऑनलाइन पैसा दिया जाएगा। आज धान खरीदी के पहले ही दिन कुल 2785 किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे। इसके लिए जहां 2599 किसानों ने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया है, तो वहीं 186 किसानों को ऑफलाइन टोकन सोसायटी केन्द्रों में धान बेचने के लिए जारी किया गया है। जिन किसानों का ऑनलाइन टोकन पहले दिन के लिए जारी किया गया है, उनसे धान खरीदी कर सत्र की शुरुआत की जाएगी। धान खरीदी की तैयारी प्रशासन द्वारा पूर्ण की जा चुकी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जारी टोकन के द्वारा 1 लाख 18 हजार 175 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

**समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के लिए जिले में बनाए गए 143 उपार्जन केंद्र**

**खास बातें**

- शासन ने इस वर्ष जिले से 8 लाख 26 हजार 617 मिट्रिक टन धान खरीदी का रखा लक्ष्य
- आफलाइन या आनलाइन तरीके से कटाया जा सकता है टोकन
- किसान तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से स्वयं प्राप्त कर सकते हैं ऑनलाइन टोकन







### सोसायटी प्रबंधकों की हड़ताल समाप्त, दूर हुई आशंका

बता दें कि सोसायटी प्रबंधकों के हड़ताल पर चले जाने से उपार्जन केन्द्रों के विभिन्न कार्य प्रभावित होने के साथ ही धान खरीदी के कार्य भी प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी, हालांकि हड़ताल खत्म होने से उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य आसानी से किया जा सकता है।

### प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी

प्रशासन द्वारा इस वर्ष 2024–25 के तहत 122 समितियों के 143 उपार्जन केन्द्रों में जनवरी महीने की अंतिम तारीख तक धान की खरीदी समर्थन मूल्यों पर की जाएगी। इसके लिए सम्पूर्ण तैयारी की जा चुकी है। सभी उपार्जन केन्द्रों में नये व पुराने बारदाने उपलब्ध हैं। वहीं, किसानों को धान बेचने के लिए तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से ऑनलाइन टोकन जारी किया जाएगा। किसान खुद भी मोबाइल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से टोकन प्राप्त कर सकते हैं। किसान प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान सोसायटी केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर बेच सकते हैं।

### 1,54,139 किसानों ने कराया पंजीयन

जिले में 143 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 8 लाख 26 हजार 617 मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 1,54,139 है। किसानों को धान बेचने के लिए टोकन पंजीयन, रकबा पर्चा और आधार कार्ड का होना जरूरी है तथा धान 17 प्रतिशत या कम नमी होने पर ही धान की खरीदी की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### शासकीय बालक उ.मा. शाला में बाल मेला आज

**डौंडीलोहारा।** नगर में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 14 नवंबर को प्रातः 11 बजे से बाल मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौंडीलोहारा की अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू होंगी। विशिष्ट अतिथि लीलेंद्र कुमार सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास व प्रबंधन समिति, विद्या शर्मा पदेन अध्यक्ष शिक्षा समिति नगर पंचायत, अशोक सिन्हा विधायक प्रतिनिधि सहित समस्त पदाधिकारी जनभागीदारी व विकास समिति होंगे। इस अवसर पर विद्यालयीन बच्चों द्वारा कबड्डी, कक्षा सजाओ, लजीज फूड स्टॉल, नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन का दीपावली मिलन कार्यक्रम कल



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई बालोद के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल डौंडी लोहारा में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी होंगे, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू करेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में महंगाई भत्ता एवं एरियर्स, समयमान वेतनमान, चार स्तरीय वेतनमान एवं शिक्षक तथा विद्यार्थी के हितों से संबंधित स्थानीय मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

### अभा हल्बा हल्बी आदिवासी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17 को

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा के तत्वावधान में ग्राम कोरर ब्लाक भानुप्रतापपुर में 17 नवंबर को समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा बालोद के प्रचार मंत्री दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक पत्रिका बिहाव मड़वा के चतुर्थ विशेषांक का विमोचन भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र माहला की अध्यक्षता एवं जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में होगा।

### 2 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अंजोरा पुलिस ने बीती रात महमरा के पास 18 किलो गांजे के साथ एक वाहन जब्त किया। वाहन कांकेर से करीब 2 लाख रुपए का गांजा लेकर जालबांधा के रास्ते महाराष्ट्र जाने के नाम पर निकला था। मामले में पुलिस ने अकोला के रहने वाले अब्दुल रशीद पिता आशिक अली (61 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि एक गाड़ी एमएच 43 सीई 5609 जालबांधा की तरफ जा रही है। वाहन में संदिग्ध सामान होने की आशंका है। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर वाहन के रुकवाया। वाहन की जांच की गई।

## दो बाइक में भिड़ंत, दो की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

बीते मंगलवार को तकरीबन शाम 5.45 बजे निकुम सड़क से आलबरस जाते समय श्मशान घाट के पास दो बाइक में जबरदस्त भिड़ंत होने से दोनों मोटर सायकल चालकों की मौत हो गई।

- आलबरस में श्मशान घाट के पास हुई दुर्घटना

राहगीरों ने आनन फानन में डायल 112 को सूचना दी। इससे अंडा पुलिस व संजीवनी एक्सप्रेस से दोनों मृतकों के शव को दुर्ग मरच्युरी पीएम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीणों पहुंच गए। वहीं, निकुम व आलबरस में घटना के कारण गांव में सन्नाटा पसर गया।

अंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निकुम के मृतक 50 वर्षीय डिलेश्वर साहू अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एल एन 8937 से निकुम से आलबरस होते हुए निजी काम से दुर्ग की ओर जा रहे। वहीं, आलबरस के 52 वर्षीय सोम साहू अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सी डब्लू 1519 चंद्रखुरी बाजार से सब्जी लेकर घर ▶▶| शेष पेज 11 पर

## अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 20 से हड़ताल पर रहेगा राजहरा परिवहन संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ दल्लीराजहरा द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 20 नवंबर सुबह 10 बजे से माइंस आफिस दल्लीराजहरा के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में संघ द्वारा लिखित जानकारी शासन-प्रशासन को दे दी गई है। पांच सूत्रीय मांगों में दल्लीराजहरा नगर स्थित बीएसपी अधीनस्थ आईओसी की खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क का 100 प्रतिशत परिवहन कार्य रेल मार्ग से किया जा रहा है, जिसमें से 25 से 40 प्रतिशत परिवहन कार्य राजहरा परिवहन संघ के मालवाहकों को दिए जाने की मांग की गई है। साथ ही हितकसा में निर्माणाधीन पैलेट प्लांट से निर्मित पैलेट का आनुपातिक परिवहन कार्य



- आईओसी की खदानों से निकलने वाले अयस्क का परिवहन कार्य दिए जाने की मांग

दिए जाने, बीएसपी प्रबंधन द्वारा निजी क्षेत्रों को बेची जाने वाली अनुपयोगी लौह अयस्क का परिवहन कार्य, क्षेत्र की जनता के लिए समुचित रोजगार मुहैया उपलब्ध कराकर हो रहे पलायन को रोकने, जिला खनिज न्यास निधि से मिलने वाली राशि का अधिकतम उपयोग शहर के विकास में किए जाने की मांग की गई है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दूसरे जिलों पर निर्भर हैं वाहन मालिक

श्री तुली ने बताया कि इतने बड़े माइंस क्षेत्र में निवास करने के बावजूद हमारी संस्था के वाहनों को पड़ोसी जिलों की माइंस पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जो कि संस्था के वाहनों की संख्या के हिसाब से अपर्याप्त है। जबकि एनएमडीसी (बचेली-बैलाडीला) माइंस में भी रेलमार्ग से लौह अयस्क का परिवहन किया जा रहा है और स्थानीय परिवहन संघ द्वारा मांग किए जाने पर उनको आनुपातिक/ आंशिक परिवहन कार्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजहरा परिवहन संघ विगत 15 वर्षों से दल्लीराजहरा माइंस से लौह अयस्क परिवहन का कार्य दिए जाने की मांग कर रहा है।

## 6 लाख से ज्यादा के आभूषणों की चोरी, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

6 लाख रूपए से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण की चोरी के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आरोपियों से चोरी के सभी सामान को शत प्रतिशत प्राप्त कर लिया है।

- रिपोर्ट दर्ज करने के एक दिन के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

आरोपी को जेल रिहा होने के बाद फिर से चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा निवासी महेन्द्र प्रताप मौर्य का परिवार 8 नवंबर को बेटे रविन्द्र मौर्य का इलाज कराने परिवार सहित बाहर गया था। 12 नवंबर को प्रातः करीबन 8 बजे पड़ोसी सावित्री यादव ने फोन कर बताया कि ऐसा लगता है, जैसे किसी ने उसके घर के सामने के ▶▶| शेष पेज 11 पर




### आरोपी ने प्रार्थी से पूछ लिया था, कब तक बाहर रहोगे

प्रार्थी महेन्द्र प्रताप मौर्य की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबध्द कर मामले के आरोपियों की पता तलाश शुरू की। इस बीच पता चला कि संदेही उत्तम देशमुख उर्फ पदरू जो दो माह पूर्व ही जेल से रिहा होकर आया था, वह 11 नवंबर को प्रार्थी से ग्राम जुंगेरा में मिला था। बातों-बातों में ही प्रार्थी से पूछ लिया कि इलाज के लिये कब तक रूकोगे। प्रार्थी ने कहा कि लगभग एक सप्ताह रूकूंगा। यह जानकारी मिलने पर घटनाक्रम को जोड़ते हुए संदेही उत्तम देशमुख ▶▶| शेष पेज 11 पर

**लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई**

## ढाबे में छापा, खाद्य पदार्थों का लिया गया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के झलमला-गुरुर मुख्य मार्ग 930 में स्थित छत्तीसगढ़ ढाबा पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने दबिश दी तथा ढाबा से खाद्य सामग्री का सैम्पल लेकर विभागीय टीम जांच में जुट गई है। जिले में यह शिकायत आम है कि बहुसंख्यक खाद्य दुकानों में दुकानदारों द्वारा खाद्य सामग्रियों को बेहतर दिखाने के लिए हानिकारक रंग व सामग्रियों का उपयोग किया जाता है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित होता है। बावजूद इसके खाद्य सामग्रियों में रंग व अरारोट का लेप लगाकर ग्राहकों को बेच मुनाफा कमाने मे जुटे रहते हैं। कुछ दुकानदार नुकसान से बचने के लिए दूषित खाद्य सामग्रियों को गर्म कर ग्राहकों को बेचते हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य व सेहत पर बुरा असर पड़ता है। जिसके कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य सामग्रियों की जांच




परख लगातार जारी है, जिसके चलते खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हॉटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और ठेले गुमटी सहित विभिन्न दुकानों पर दबिश देकर खाद्य सामग्रियों की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं, बीते सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ग्राम धनोरा के पास स्थित छत्तीसगढ़ ढ़ाबा में खाद्य सामग्रियों की जांच करने पहुंची हुई थी।

### जांच के लिए भेजे गए सैंपल

खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारत पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ ढाबे के खिलाफ शिकायत मिली थी, जिस पर जांच के लिए टीम गई हुई थी। खाद्य सामग्रियों का सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### मिलावटी व दूषित भोजन हो सकता है जानलेवा

दुकानों में बिकने वाले सिंथेटिक रंगो से बने बिरंगे दिखने वाले पकवान या अन्य खाद्य सामग्री ज्यादातर मिलावटी होने के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के साथ ही जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए कोई भी खाद्य सामग्री का उपयोग करने से पहले गुणवत्ता पर ध्यान दें और मिलावटी सामान खरीदने व खाने से बचना चाहिए क्योंकि दूषित भोजन सेहत के लिए हानिकारक है जिसके सेवन करने से डायरिया या फूड पॉइजनिंग जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए दूषित भोजन व गंदा पानी से बचना चाहिए व साफ सुरक्षित जगहों पर ही भोजन करना चाहिए।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया दिवाली मिलन

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा कैलाशपुरी स्थित प्रांतीय कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा का बुके, शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रदूषण रोकने के लिए आगामी दिवाली को पटाखा मुक्त करने का आव्हान किया गया। इसके बाद सदस्यों ने गीत, गजल व भजन से माहौल को खूबसूरत बनाया। कार्यक्रम में नरेंद्र दुबे, आशीष दीवान, गिरीश दुबे, धनंजय शर्मा, हेमंत शर्मा, मनीष मिश्रा, ऋषि तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### सरकार की नीतियों को चुनौती हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अतिथि व्याख्याता की अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार की उस नीति को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत अस्थायी अतिथि व्याख्याताओं की जगह उच्च योग्यता वाले नए उम्मीदवार रखे जा सकते हैं। सीजे की बेंच ने शैक्षणिक संस्थानों में योग्य और सक्षम संकाय के पक्ष में नीतियों को लागू करने के राज्य के अधिकार को बरकरार रखा है। याचिका में प्रदेश के कॉलेजों में अतिथि व्याख्याताओं के लिए जारी विज्ञापन को निरस्त करने समेत अन्य मांग की गई थी। इस पर शासन की ओर से कहा गया कि अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती के लिए नई नीति जारी की गई है। यूजीसी के मापदंडों के अनुसार बनाई गई नई नीति से बेहतर उम्मीदवार मिल सकेंगे। गर्ल्स कॉलेज में अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र के पद पर कार्यरत रही गायत्री शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने के बाद डीबी में अपील की गई थी।

### 32 पौवा देशी शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** नेवरा पुलिस ने एक शराब कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तुलसी खरोरा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी देवानंद जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पाव देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 3520 रुपए बताई गई है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### बाघ की मौत पर सीएम साय सख्त वनरक्षक और वनपाल निलंबित

**रायपुर।** कोरिया जिले में बाघ की मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से वनों की रक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए मुस्तैदी से कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी लापरवाही पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इधर कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के रामगढ़ सर्किल के वनरक्षक पीतांबर लाल राजवाड़े और वनपाल रामप्रताप सिंह को शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासनीता के कारण सरगुजा वनवृत्त अंबिकापुर के मुख्य वन संरक्षक माथेश्वरन वी. ने निलंबित कर दिया है।

# शिक्षा ऋण के प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करें

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने बैंक प्रबंधकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में शिक्षा ऋण के स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को विशेष प्राथमिकता के साथ शिक्षा ऋण के प्रकरणों को स्वीकृत कर जरूरतमंद विद्यार्थियों का मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बच्चों के दर्ज संख्या के आधार पर स्कूलों में शिक्षकों का पदस्थापना कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सेवानिवृत्त के उपरांत स्वेच्छा से शालाओं में सेवा देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में 'जल जतन अभियान' के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस अभियान में आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का भी आयोजन कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से 15 नवंबर को आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इसके सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम में जिले के गणमान्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा आदिवासी समाज के प्रमुखों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शुक्रवार 15 नवंबर को विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के पुलिस मैदान में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया है।



### सड़कों पर मवेशियों के विचरण पर लगाएं रोक

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु पशुओं की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने राजस्व, पुलिस, पशुपालन विभाग के साथ–साथ नगरीय प्रशासन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

## स्पर्धा : दुर्ग जिला खनिज न्यास के पूर्व सदस्य रिवेंद्र ने किया उद्घाटन

# नगपुरा के खिलाड़ियों को मिला फ्लड लाइट वाला वालीबॉल कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत नगपुरा में फ्लड लाइट सुविधा से युक्त नए वालीबाल मैदान का उद्घाटन सरपंच भूपेंद्र रिगरी और दुर्ग जिला खनिज न्यास के पूर्व सदस्य तथा सरपंच संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव की उपस्थिति में किया गया।

- जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत राशि से किया गया है निर्माण

बता दें कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम नगपुरा में खेल सुविधा का विस्तार हुआ है। इसके साथ ही लंबे समय से वालीबाल खेल रहे खिलाड़ियों की मांग छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू से की गई थी।

इस पर जिला खनिज न्यास में पूर्व मंत्री श्री साहू के प्रतिनिधि सदस्य रिवेंद्र यादव के प्रस्ताव से स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष डीएमएफ सदस्य रिवेंद्र यादव ने कहा कि सर्वसुविधा युक्त फ्लड लाइट मैदान से ग्रामीण खेल प्रतिभा को निखारने और खेल कौशल को प्रांत तथा राष्ट्र स्तर पर पहुंचाने में मदद मिलेगी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में यह पहला दूधिया रौशनी वाला वालीबाल मैदान बना है। उन्होंने बताया कि इसी तरह का मैदान जिला खनिज न्यास से बोरई में भी तैयार किया जा रहा है। निश्चित रूप से आने वाले समय में इसका बेहतर परिणाम आएगा। उदघाटन के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक रवींद्र सिन्हा, शाला प्रबंधन के पूर्व अध्यक्ष रोहित देवांगन, पंच सुनील देवांगन, खिलेश्वर साहू, विजय मंडरिया, संदीप देशमुख, जीवन देशलहरा, ललित देवांगन, चेतन यादव, मंगल सिन्हा सहित राष्ट्रीय खिलाड़ी मनीष सिंग और स्कूली राज्य खिलाड़ी अनुराग ठाकुर उपस्थित रहे।






### अब रात में भी अभ्यास कर सकेंगे खिलाड़ी : भूपेंद्र

सरपंच भूपेंद्र रिगरी ने कहा कि हमारे ग्राम के वालीबाल के खिलाड़ियों को शाम होते ही खेल बंद करना पड़ता था, लेकिन अब फ्लड लाइट सहित सर्वसुविधायुक्त मैदान मिलने से उन्हें शाम के बाद भी देर रात्रि तक खेल के अभ्यास का मौका मिलेगा। उन्होंने स्वीकृति के लिए पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू तथा सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव का आभार व्यक्त करने के साथ ही खिलाड़ियों को बधाई दी।

# विदेशों में भी गूंजेगा प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पुनः प्रमुख संरक्षक बनने के बाद प्रथम गुण्डरदेही आगमन पर पूर्व सांसद मोहन मंडावी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुण्डरदेही रेस्ट हाऊस में स्वागत किया।

- पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने कहा- तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा अमेरिका में दी जाएगी रामायण की प्रस्तुति

बता दें कि पूर्व सांसद मोहन मंडावी तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। श्री मंडावी ने बताया कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान की छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और ओडिशा में 25 हजार से ज्यादा रामायण मंडलियां हैं, जो गांव–गांव में प्रभु श्रीराम के प्रचार-प्रसार में लगकर सामाजिक समरसता का सन्देश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि पुनः प्रमुख संरक्षक बनने के पश्चात प्रदेश और देश में रामायण मंडलिया गठित करने का कार्य चल रहा है। अब हम अमेरिका में भी मानस मंडलिया गठित करवाएंगे। इसके लिए हमें अमेरिका से भी बुलावा आ चुका है। श्री मंडावी ने कहा कि मेरे साथ हमारी तुलसी मानस प्रतिष्ठान जल्द अमेरिका पहुंचकर वहां रामायण कार्यक्रम करेंगे और प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान विदेश की धरती पर भी गूंजेगा। इस अवसर पर प्रमोद जैन, केशव साहू, अश्वनी यादव, थानसिंह मंडावी, नविता साहू, लिलार सिन्हा, हेमंत साहू, भानु साहू, डिलेशवर साहू, परमानंद सिन्हा, विजय सिन्हा उपस्थित थे।

# नाली की ऊंचाई ज्यादा होने से हो रही परेशानी

## पथराटोला के नागरिकों ने की समस्या के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत निर्माणाधीन सड़क उन्नयन व चौड़ीकरण कार्य में ग्राम पथराटोला में सड़क के किनारे निर्मित नाली की ऊंचाई अधिक हो जाने तथा निर्मित नाली के समीप प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला तथा ग्राम पंचायत जाने का मुख्य दरवाजा मार्ग से लगभग तीन-चार फीट नीचे हो जाने से बच्चों को शाला आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्राम पंचायत भवन आने-जाने के लिए भी ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इस तरह जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

बता दें कि सड़क के दोनों ओर निर्मित नाली कहीं-कहीं डामरीकृत सड़क से दो-तीन फीट ऊपर नीचे होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क के किनारे नाली निर्माण होने से बच्चों सहित ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए नौनिहालों को शाला आने जाने के लिए नाली के किनारे एप्रोच सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है।





ग्राम पंचायत पथराटोला के सरपंच विमल कुमार ने बताया कि नाली निर्माण कार्य करने वाले कर्मचारियों को नाली के किनारे गहराई को पाटकर स्थायी व्यवस्था बनाने का आग्रह किया था, किंतु नाली निर्माण होते ही निर्माण एजेंसी के कर्मचारी चले गए। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी क्षेत्र में नजर ही नहीं आते, ऐसे में समस्या किसे बताएं। उन्होंने इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग शासन प्रशासन से की है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी आर के सोनकर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अधिकारियों को इस समस्या का निराकरण करने निर्देश करने की बात कही है।

**स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में मना जनजाति गौरव दिवस**

# प्रकृति के संरक्षक हैं आदिवासी, हमें अपनी विरासत को संजोकर रखने की जरूरत : नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. डीके बेलेंद्र ने महाविद्यालय में जनजाति दिवस मनाए जाने के उद्देश्य की जानकारी दी। विशेष अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश साहू ने जनजातियों के गौरवशाली इतिहास की महत्ता बताई। मुख्य वक्ता वनवासी कल्याण आश्रम रायपुर के नागेश काले ने भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, तिलका मांझी, वीर नारायण सिंह गुण्डाधुर के संबंध में जानकारी दी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में बिरसा मुंडा द्वारा अल्पायु में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षक आदिवासियों को अपनी विरासत को संजोकर रखने की जरूरत है। इस अवसर पर अतिथियों ने महाविद्यालय में लगी आदिवासियों की संस्कृति, खानपान की शैली, पोस्टर, रंगोली प्रदर्शनी आदि का अवलोकन किया। कार्यक्रम के संयोजक अंजुरानी ठाकुर एवं सहसंयोजक वेदप्रकाश ठाकुर ने जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती एवं रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती की शुभकामनाएं दी।



विशेष अतिथि रेखा काले, वनवासी कल्याण आश्रम ने जिला स्तर में मनाए जाने वाले कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. सीमा जायसवाल, पूजा सोढ़ा अन्नपूर्णा यादव ,डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा और डा. शिप्पी देवांगन अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश, कामता प्रसाद बंजारे, गोपाल पाली के साथ अमित सिंह, येवेंद्र, राजेश्वरी दीपेश, लिलेश्वरी मोहित चांदनी, आरती, आशीष, योगशीष आदि छात्रों के साथ ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# एकलव्य महाविद्यालय में हुई भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में लोक माता अहिल्या देवी होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उनके द्वारा किए गए महान कार्य, मानव सेवा समाज सेवा तथा राष्ट्र सेवा को स्मरण करते हुए भाषण तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य वक्ता के रूप में मयंक कुमार मंडावी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने अहिल्या देवी होलकर के सामाजिक क्षेत्रों में योगदान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नीमा साहू प्रथम, हिमांगी द्वितीय तथा मनीषा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू तथा कार्यक्रम का समापन देवानंद वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रदीप कुमार खरे, ईश्वरलाल खरे, नंदकिशोर सिंह, पंकज सुधाकर, टेकराम नेताम, हलेश कुमार लिल्हारे, कुलेश्वर प्रसाद पटेल, इलेश कुमार चंद्राकर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## संगठन महापर्व के लिए हुई भाजपा की कार्यशाला

# प्रत्येक बूथ में होगा अध्यक्ष व पदाधिकारी का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर के सामुदायिक भवन में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें गुण्डरदेही मंडल के प्रत्येक बुथ के कार्यकर्ता, संयोजक, सह संयोजक व मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यशाला में शामिल मंडल चुनाव प्रभारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णकांत पवार ने बुथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के बाद अब मंडल के प्रत्येक बुथ में अध्यक्ष व पदाधिकारी का चुनाव होना है, जिसको संगठन महापर्व के रूप में मनाना है। यह चुनाव 20 तारीख तक करना है। पवार ने सभी शक्ति केन्द्र में नियुक्त सहयोगी, सह सहयोगी को कहा कि बुथ का चुनाव सर्व सम्मति से मनोनीत करना है। वहीं बुथ मे ऐसे कार्यकर्ताओं को रखें, जो काम कर सकें अगर कहीं विवाद की स्थिति रही, तो सहयोगी व सह सहयोगी की जिम्मेदारी रहेगी कि वे कैसे चुनाव निपटाएंगे। जिला पंचायत सदस्य व मंडल के सह चुनाव प्रभारी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश व जिला में कार्यशाला आयोजन के बाद अब मंडल में यह आयोजन किया जा रहा है। बुथ चुनाव के लिए शक्तिकेन्द्र में सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति की गई है, जो बुथ में जाकर 25 सदस्यों की टीम गठित करेंगे और यह टीम पार्टी का जो भी निर्देश होगा, उनका जिम्मेदारी से पालन करेंगे। इसलिए बुथ संगठन में ऐसे व्यक्ति को बनाएं जो पार्टी के हित में काम कर सकें। अभी आने वाले समय में पंचायत चुनाव होना है, जिसमें बुथ कार्यकर्ताओं की पार्टी को जिताने अहम जिमेदारी रहेगी।





बैठक में मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, लेखराम साहू, ठाकुरराम चन्द्राकर, मोहन जैन, प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, इन्द्रपाल चन्द्राकर, कुलदीप साहू, थानसिंह मंडावी, हरीश निषाद, नविता साहू, कविता साहू, भानुमति साहू, श्रीकांत वर्मा, केके साहू, हेमंत साहू, थानमल जैन, अनुप देशमुख, मोपेंद्र साहू मंडल के पदाधिकारी संयोजक सह संयोजक व बुथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मांग और समस्या लेकर कलेक्टर से मिले नागरिक

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए पूरे आशा और विश्वास के साथ कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचते हैं। इसलिए हम सभी अधिकारी–कर्मचारियों का यह दायित्व बनता है कि कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदनों का परीक्षण कर पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ उसके निराकरण के लिए समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे कि आम जनता को बार–बार शासकीय कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात करने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल ने मंगलवार को जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा भी उपस्थित थे। जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पापरा निवासी भोजकुमार देशमुख ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लाभान्वित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम मेड़की निवासी द्रौपदी बाई ने अपने घर में शौचालय निर्माण करने, पाकुरभाट निवासी दिव्यांग रामेश्वर सिंह ने ई–रिक्शा प्रदान करने, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के बड़गांव निवासी भागवत साहू ने अपनी पुत्री ईशा साहू का शाला के दाखिल–खारिज का नाम सुधरवाने तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मटिया बी निवासी सरिता ठाकुर ने अपने पति की मृत्यु के बाद सहायता राशि प्रदान करने की मांग की।



**खबर संक्षेप**

## हम शब्दों को न पकड़ें भावों को समझें



**बालोद।** समय के साथ समझ और समझ के साथ सुधार आये तो जीवन संवर जाए। भगवान महावीर स्वामी ने एकांतवाद का सिद्धांत बताया है। एक ही शब्द और वाक्य के अलग-अलग अर्थ हो सकते हैं। इसलिये हम शब्दों को न पकड़ें, भावों को समझें। सारी गड़बड़ी शब्दों को पकड़ने में ही होती है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए संत ऋषभ सागरजी म सा ने कहा कि शब्दों को यदि पकड़ेंगे तो नकारात्मक विचार भी आ सकते हैं, लेकिन यदि भावों को पकड़े तो सोच सकारात्मक हो सकता है। पूरे जीवन का दर्शन भावों पर आधारित होता है, नकारात्मक सोच के लोग सीधी बातों का भी गलत अर्थ निकाल लेते हैं। सकरात्मक सोच का व्यक्ति बातों को बहुत गहराई से और तनावपूर्ण ढंग से नहीं लेता इसलिए अशांत और दुखी नहीं होता। सबके प्रति अपना नजरिया ठीक रखें, इससे सभी का आपके प्रति भी नजरिया ठीक रहेगा। क्योंकि हम जैसा देते हैं, वैसा ही हमें वापस मिलता है। 15 नवंबर को चातुर्मास की अवधि समाप्त हो रही है। इसके बाद संत द्वय यहाँ से प्रस्थान करेंगे। कल प्रवचन के स्थान पर गुणानुवाद सभा होगी।

बालोद में आयोजित जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम में शामिल हुए कांकेर सांसद नाग, कहा-

# जब-जब राष्ट्र पर विपत्ति आई, आदिवासी समाज ने सर्वस्व न्योछावर कर किया प्रतिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि आदिवासी समाज का राष्ट्रीय व समाज के निर्माण में योगदान तथा उनका गौरवशाली अतीत अनुपम एवं अद्वितीय है।

सांसद नाग जिला मुख्यालय बालोद के शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद में आयोजित जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद नाग ने कहा कि जब–जब राष्ट्र व समाज के सामने विपत्ति आई है, आदिवासी समाज ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर उसका जोरदार ढंग से प्रतिकार किया है। इस अवसर पर उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा का प्रसार एवं नशापान एवं कुरीतियों के तिरस्कार को अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे के खलखों ने की। विशेष अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, गोण्डवाना समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, राकेश यादव(छोटू), प्रेम साहू, कार्यक्रम के संयोजक कृष्णा साहू, कार्यक्रम के संयोजक जसराम नायक, सहसंयोजक







रूची पिस्दा उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद नाग ने स्वतंत्रता आंदोलन एवं राष्ट्र निर्माण में आदिवासी शहीदों एवं विभूतियों के योगदानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

### राष्ट्र के नवनिर्माण में जनजातीय समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण : पवन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि पवन साहू ने राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में जनजातीय समाज के योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा केन्द्र व राज्य सरकार आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों का राष्ट्र व समाज के प्रति योगदानों की जब हम बात करते हैं तो वे एक उज्ज्वल साधना याद आती है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास का यदि सुक्ष्मता के साथ छीद्रान्वेषण किया जाए तो स्वाधीनता की लौ को सर्वप्रथम प्रज्ज्वलित आदिवासी समाज के लोगों ने की। इस अवसर पर उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा एवं ज्ञानार्जन को ब्रह्मास्त्र बताते हुए सभी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षित एवं ज्ञानवान बनने को कहा। उन्होंने नशापान को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए इससे सर्वथा दूर रहने की अपील की।

समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक कृष्णा साहू ने स्वाधीनता आंदोलन तथा भारत के सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण बनाए रखने तथा जिनके संरक्षण एवं संवर्धन में आदिवासी समाज के लोगों के योगदानों पर रोचक एवं प्रेरणास्पद ढंग से विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेके खलखो एवं कार्यक्रम के संयोजक जसराम नायक ने भी संबोधित किया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। समारोह में रंगोली, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

## निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें सभी अधूरे कार्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने सोमवार 11 नवंबर को जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, एनआरएलएम की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016–23 तक स्वीकृत प्रथम किश्त प्राप्त अपूर्ण, निर्माणाधीन आवासों तथा द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त पूर्णता के लिए लंबित आवासों को यथाशीघ्र पूरा करने को कहा। सीईओ कन्नौजे ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2023–24 तक के कार्यों को 30 नवंबर 2024 तक पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने कृषि आधारित कार्यों का व्यय के प्रतिशत लक्ष्य अनुसार वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्ण करने एवं पीओ लॉगिन में लंबित सामाजिक अंकेक्षण के प्रकरण को 30 नवंबर 2024 तक अनिवार्यतः विलोपन करने के निर्देश दिए। वहीं, निर्माणाधीन कचरा संग्रहण शेड को 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने तथा सभी घरों में नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कराए जाने के निर्देश दिए।

**नियमित रूप से करें स्वच्छता ग्राहियों के मानदेय का वितरण :** सभी ग्राम पंचायतों में यूजर चार्ज कलेक्ट करने एवं स्वच्छता ग्राहियों के मानदेय वितरण को नियमित रूप से करने निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व–सहायता समूहो की लोकोस प्रोफाईल एण्ट्री समय–सीमा में पूर्ण करने एवं बैंक लिंकेज के प्रकरणों को शत–प्रतिशत बैंकों में प्रेषित करने को कहा। बैठक में उप संचालक पंचायत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**निधन**

### बिशाल राम हिरवानी



**लाटाबोड़।** ग्राम लाटाबोड़ निवासी 78 वर्षीय बिशाल राम हिरवानी का 13 नवम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अरुनेश्वर व चूलेश्वर हिरवानी के पिता थे।

### नई औद्योगिक नीति का विमोचन 14 को करेंगे सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## हमारा शौचालय, हमारा सम्मान पखवाड़ा 19 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तैयारियों को लेकर जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने ली अधिकारियों की बैठक

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि जिले में विश्व शौचालय दिवस से 'हमारा शौचालय, हमारा सम्मान' पखवाड़ा का शुभारंभ 19 नवंबर से किया जाएगा, जो मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 14 नवम्बर से 18 नवम्बर अभियान की तैयारी के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठक तथा सर्वेक्षण उपरांत अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों का चिन्हांकन कर सर्वेक्षण का डाटा आई.एम.आई.एस. में प्रविष्ट किया जाएगा। इसी तरह 19 नवम्बर को जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन एवं अभियान का शुभारंभ



करना, स्वच्छाग्रही, सफाई मित्र को सम्मानित करना, व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को वितरित किया जाएगा।

19 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक मिशन फंक्शनेलिटि अंतर्गत सामुदायिक शौचालय के आर रिपेयर, रिस्टोर तथा रिफाईन पर ध्यान केंद्रित करना तथा व्यक्तिगत शौचालय व सामुदायिक शौचालय के सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसी तरह 05 दिसम्बर से 09 दिसम्बर तक शौचालय की क्रियाशीलता में सुधार, पेंटिंग सामुदायिक सहभागिता, बेस्ट शौचालय का आंकलन के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा। 10 दिसम्बर को अभियान का समापन, बेस्ट शौचालय को अवार्ड वितरण किया जाएगा।

बैठक में डॉ. संजय कन्नौजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को स्कूल, कॉलेजों में स्वच्छता संबंधित रंगोली सांस्कृतिक कार्यक्रम, ड्राईंग एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क किनारे कचरे, सामुदायिक स्थल के कचरे, जल स्त्रेत एवं अन्य स्थलों की साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं जन–समुदाय को जोड़कर जिले के ग्राम पंचायतों को ओ.डी.एफ. प्लस बनाने पर जोर दिया।

## दिसंबर में होगा साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

- नगर स्थित साहू सदन में आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय

**बालोद।** जिला साहू संघ की बैठक नगर स्थित साहू सदन में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष सोमन साहू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय साहू समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन दिसंबर में नवीन जिला साहू संघ भवन दल्लीराजहरा मार्ग उपजेल के सामने आयोजित किए जाने का निर्णय लिया। अध्यक्ष सोमन साहू ने पदाधिकारियों, तहसील अध्यक्ष परिक्षेत्र अध्यक्ष तथा ग्रामीण अध्यक्षों से अधिक संख्या में समाज के विवाह योग्य युवक-युवती को



परिचय सम्मेलन में शामिल कराने के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए। साहू संघ के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक एवं तैलिक ज्योति सामाजिक पत्रिका के संपादक प्रो कमलराम साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति सामाजिक तैलिक ज्योति पत्रिका के 13 वे अंक का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने विवाह योग्य युवक युवती के पालकों को पत्रिका में बायोडाटा एवं फोटो प्रकाशित करवाने के लिए अपने क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों से संपर्क करने को कहा।

बैठक में धिराजसिंह साहू, पंचकुमारी साहू, विजय साहू, प्रो कमलराम साहू, अंजली साहू, जागेश्वर साहू, परमानंद साहू, लिखेश्वर साहू, महेन्द्र साहू, राजेन्द साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कालेज जामगांव आर में प्राचार्य डा शिखा ने ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कालेज जामगांव आर में प्राचार्य डा शिखा अग्रवाल ने पद भार संभाला। प्रभारी प्राचार्य नीता कुंभारे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल का स्वागत किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विदित हो कि डॉ शिखा अग्रवाल साइंस कॉलेज दुर्ग में अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष थीं। पदोन्नति प्राप्त कर शासकीय कालेज जामगांव आर की प्राचार्य बनकर पदभार ग्रहण किया है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा सरकार बनने के बाद नरेश केला की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति के प्रथम बैठक में गत माह प्राचार्य की मांग प्रस्ताव लिया गया और एक माह में प्राचार्य की मांग पूरी हो गई। जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला ने नवपदस्थ प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि कई वर्षों बाद शासकीय कालेज जामगांव आर में प्राचार्य का पदभार ग्रहण करना हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि अब भूगोल की अनुभवी प्राध्यापक नीता कुंभारे को बच्चों को पढ़ाने के लिए पूरा समय मिलेगा, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

वहीं, जनभागीदारी समिति सदस्य मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि कॉलेज में प्राचार्य आने से सभी विषयों की कक्षाएं सुचारू रूप से चलेंगी, जिससे परिणाम भी अच्छा आयेगा। नवनियुक्त प्राचार्य के पदभार ग्रहण के समय स्टॉफ प्राध्यापक आरके तिवारी, ऐश्वर्य सिंह ठाकुर, चेतना सोनी, डॉ एके तिवारी, डॉ संतोष पांडेय, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, गिरीश पांडे उपस्थित थे।

**पेज 9 के शेष**

### अपनी पांच सूत्रीय मांगों को ...

राजहरा परिवहन संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तुली ने कहा कि मालवाहक वाहन से परिवहन कार्य चालू होने से इस व्यवसाय से जुड़े वाहन मालिक, आटो पार्ट्स विक्रेता, टायर विक्रेता, मेकेनिक, वाहन चालक, हेल्पर, टायर रिपेयरिंग सहित वाहन से जुड़े अन्य कार्य करने वालों सहित उनके परिवार के लगभग 25,000 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा। रोजगार के द्वार खुलेंगे शहर से पलायन रुकेगा और शहर का विकास होगा।

### 6 लाख से ज्यादा ...

ताला को तोड़ने का प्रयास किया है। सूचना पर परिवार महेंद्र ने घर पहुंचकर देखा तो दरवाजा खुला नहीं था। चोरों ने दरवाजा के लॉकर से छेड़छाड़ की थी। लेकिन दरवाजा खुला नहीं था। वहीं, दरवाजा खोलकर भीतर जाने पर घर के कमरे के ऊपर की एस्बेस्टस शीट को तोड़ दिया था। चोरों ने वहीं से भीतर घुसकर कमरे में रखी पेटी से सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली थी।

**इन आभूषणों की हुई थी चोरी:** प्रार्थी ने बताया कि पेटी में रखे सोने का हार करीबन 19 ग्राम, मंगलसूत्र करीबन 12 ग्राम, सोने की चेन करीबन 11 ग्राम, बिंदिया करीबन 3 ग्राम, सोना का जेन्टस अंगूठी करीबन 8 ग्राम, मंगलसूत्र लाकेट करीबन 4 ग्राम, सोने का नथ सहित अन्य सोने चांदी के सामान को चोरी कर ले गया था। कुल मिलाकर चोरी गए आभूषणों की कीमत लगभग 6 लाख 25 हजार होगी।

### आरोपी ने प्रार्थी से पूछ ...

उर्फ पदरू को पूछताछ के लिये थाना लाया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उत्तम ने बताया कि उसने अपने साथी देशमुख यादव के साथ 11-12 नवंबर की रात चोरी करना बताया। आरोपियों ने बताया कि प्रार्थी के घर के मुख्य दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन नहीं टूटा। इस पर एस्बेस्टस शीट को तोड़कर भीतर घुसे और सोने चांदी के जेवर और नकदी रकम चोरी की। आरोपी उत्तम देशमुख की निशानदेही पर चोरी के सोने चांदी के जेवरात को उसके घर के आलमारी से जब्त किया गया। आरोपी उत्तम देशमुख से उपरोक्त संपूर्ण सोने चांदी के ज्वेलरी सामान को उसके घर की आलमारी से बरामद किया गया। वहीं, आरोपी देशमुख यादव से चोरी के बंटवारे के 1500 रूपये को बरामद किया गया।

### दो बाइक में ...

आलबरस आ रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था।अंडा थाना प्रभारी भानुप्रताप साव ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर अंडा पुलिस पहुंची। पुलिस मर्ग कायम कर घटना के विवेचना में जुटी है।





























विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार किसानों के घर आज से करेगी खुशियों की बारिश : जैन



**डौंडी।** भाजपा नेता प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन ने कहा है कि जिले सहित छत्तीसगढ़ में इस वर्ष धान का विपुल उत्पादन देखा जा रहा है। इससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा एक मुश्त 3100 रुपए भुगतान किए जाने की घोषणा ने किसानों की खुशी दोगुनी कर दी है। उन्होंने कहा कि ऐन धान खरीदी सीजन में समिति कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने से भी खुशी की लहर है। भाजपा नेता स्वाधीन जैन ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों की सदैव हितैषी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खाते में दो-दो हजार करके सालाना 6000 रुपये प्रदान करने से किसान पहले ही खुश हैं। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार 14 नवंबर से 3100 रुपये क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी करने जा रही है। यह राशि भी बहुत जल्द मिलेगी और किसान पुराना कर्ज छूट सकेंगे, कर्ज नहीं है तो कोई बड़ा कृषि यंत्र ट्रैक्टर ट्राली रिपर हार्वेस्टर आदि खरीद सकेंगे।

### कवि सम्मेलन 16 को

**भिलाई।** छंद के छ परिवार का दीवाली मिलन समारोह अनवरत 2017 से लगातार हो रहा है। इस कार्यक्रम में छग राज्य से सभी जिले के साहित्यकार अपनी उपस्थिति देकर छत्तीसगढ़ी महतारी भाखा को सजोर बनाने और मान बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं। छत्तीसगढ़ अंचल के साहित्यकार, छंदकार इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन करते हैं।

### एनकाउंटर के बाद बीएसपी ने जीजा का कब्जा हटाया

**भिलाई।** बदमाश अमित जोश के एनकाउंटर के बाद बीएसपी ने उसके जीजा पर एक्शन लेते हुए कब्जा को खाली कराया है। अमित के जीता द्वारा लंबे समय से बीएसपी के मकान को कब्जा कर रखा था। अभियान चलाकर खाली कराया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 5 सड़क 13 स्थित आवास पर कार्रवाई की गई। टीम ने अमित जोश के ठिकानों को ध्वस्त किया था। उसके जीजा के मकान पर बीएसपी ने कार्रवाई किया था लेकिन उसने दोबारा मकान पर कब्जा करने की सूचना मिली और खाली कराया गया। मकान का बिजली कनेक्शन तक काट दिया गया है। मकान के दरवाजे पर टीम ने नोटिस चस्पा कराया गया। जब बीएसपी की टीम खाली कराने पहुंची तो दरवाजे पर ताला लटका हुआ था। टीम ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नोटिस चस्पा किया है। चेतावनी भी दी गई है कि तय समय में मकान को खाली करे अन्यथा बल पूर्वक मकान को खाली कराया जाएगा। टीम में 150 से अधिक पुलिस बल मौके पर पहुची थी। अभियान बीएसपी के नगर सेवा विभाग द्वारा किया जा रहा है।बीएसपी लंबे समय से मकानों में कब्जा कर वसूली करने वालों पर मेहरबानी बनाकरे रखी हुई है।तभी आज भी कई अपराध किस्म के लोग बीएसपी के मकानों में कब्जा कर अपना कारोबार फैला रखा है। इस तरह के अपराधियों पर टीम अब तक कार्रवाई नहीं कर पाई है।

### पर्व : अंचल में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी

# सशिमं खर्रा में मनाई गई देवउठनी एकादशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में देवउठनी एकादशी पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

आचार्य परिवार द्वारा गन्ने का मंडप सजाकर माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह रचाया गया। इस अवसर पर भैया-बहिनों ने गीत व भजन प्रस्तुत किए। आचार्य सुखीत राम कलिहारी ने पर्व संदेश बताते हुए कहा कि तुलसी का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। उन्होंने बताया कि तुलसी का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके नियमित पूजन एवं सेवन से हम सब स्वस्थ तथा दीर्घ जीवन प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, सुखीत राम कलिहारी, दीदी रंजना सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल, छवि लता पटेल, चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू एवं बाल भारती के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





### भोथीपार में धूमधाम से की गई तुलसी पूजा

**बालोद/कलंगपुर।** क्षेत्र में देवउठनी एकादशी पर्व को छोटी दीपावली के रुप में धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर माता तुलसी एवं शालिग्राम का विवाह गन्ने का मंडप सजाकर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में यादवों ने घरों में जाकर गऊ माताओं को सोहई बांधी। गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम भोथीपार में देव उठनी पर्व पर उपसरपंच व भारतीय किसान संघ बालोद के अध्यक्ष सांवत राम साहू ने भी अपने घर में गाय की पूजा अर्चना कर यादवों के साथ मिलकर सोहई बांधी।

### सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में मनाई गई देवउठनी एकादशी



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में मंगलवार को स्कूली बच्चों सहित समस्त स्टाफ ने देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में स्थापित माता तुलसी में दीप जलाकर पूजा-अर्चना की गई। गन्ने का मंडप सजाकर शालिग्राम और देवी तुलसी का विवाह कराया गया। वहीं, बच्चों ने दोहा पारकर राउत नृत्य की प्रस्तुति भी दी। प्रधानाचार्य ताराचंद साहू बच्चों को भारतीय संस्कृति की जानकारी दी, तो वहीं अन्य शिक्षकों ने तुलसी विवाह के संबंध में प्रचलित कथा सुनाई। इस अवसर पर आचार्य रेख लाल देशमुख, धनंजय साहू, लक्ष्मी साहू, ख़ेमिन साहू, रीना देशलहरे, माधुरी यादव, चैनकुमारी नेताम, रितु पिस्दा, भावना देशलहरे, त्रिवेणी दुबे, नुमेश्वरी विश्वकर्मा एवं बच्चे उपस्थित थे।




### ग्राम डोकला में की गई ठाकुर देव की पूजा



**गुरूर।** ग्राम डोकला में ठाकुर देव की पूजा अर्चना कर गांव बनाने की परंपरा निभाई गई एवं देवउठनी पर्व मनाया गया। ग्रामीणों के अनुसार देवउठनी पर्व पर गांव के समस्त किसानों द्वारा धान का बीड़ा ठाकुर देव में अर्पण कर पूजा अर्चना की जाती है। उसके बाद ही धान की मिजाई का कार्य किया जाता है। ग्रामीण अध्यक्ष पुरानिक राम सिन्हा ने बताया कि हमारे गांव में बहुत पहले से ही ठाकुर देव की पूजा अर्चना करने की परंपरा रही है। इसके अनुसार ग्रामीण किसान धान के बीड़े को ठाकुर देव को अर्पण करते हैं। इस अवसर पर पुरानिक सिन्हा, गिरधर सिन्हा, महेद्र, दुकालू राम, राकेश, भूपेश टोकेश्वर, गुलेंद्र कतलाम, बंशी यादव सहित गामीण उपस्थित थे।

### सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में रतनपुर के स्वरांजलि डांस ग्रुप ने मारी बाजी

**गुरूर।** मंगलवार को देवउठनी के अवसर पर सत्य मेव जयते द्वारा ग्राम कोचवाही में सभी ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय राज्य स्तरीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



सामूहिक नृत्य में प्रथम स्वराजंली डांस ग्रुप रतनपुर ने प्राप्त किया, द्वितीय नृत्या डांस ग्रुप भिलाई, तृतीय अमर ज्योति डांस ग्रुप नवागांव रायपुर ने प्राप्त किया। इसी तरह युगल नृत्य में प्रथम करीना शेखर डांस ग्रुप बागबाहरा, द्वितीय हाईटल्स डांस ग्रुप बिलासपुर, तृतीय आरु काजल डांस ग्रुप नादगांव तथा एकल नृत्य में प्रथम काव्या सेन गरियाबंद, द्वितीय भीम साहू गुरुर बालोद, तृतीय गणिका विश्वकर्मा भैस्साकट्टा रहे। सभी विजेताओं को ग्रामीण प्रबुद्ध जनों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन किरण सोम कांकेर ने किया। निर्णायकों में डॉ पीआर ठाकुर मरकाटोला, उमेश गंगराले गुरुर, गजाधर ग्वालवंशी कंकालिन थे। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि गुरुर जनपद अध्यक्ष प्रभात कुमार धुवे ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के विकास के लिए मैंने हमेशा प्रयास किया है। यह मेरे जनपद क्षेत्र के अंतर्गत है इसलिए विकास की जिम्मेदारी मेरी बनती है। प्रभात धुरवे ने कोचवाही पंचायत के लिए पानी टैंकर देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच भुनेश्वरी यादव ने की। कार्यक्रम ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर, उपसरपंच तैय्यब अली, महेश भुआर्य, राकेश राणा, रामनारायण साहू, बाबूलाल सिन्हा के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुमन्त यादव सहित समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

### धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी



**बालोद।** मंगलवार को देवउठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शुभ मुहूर्त में तुलसी व शालिग्राम का विवाह पूजन पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। लोगों ने शुभ मुहूर्त पर शाम 5:25 बजे से रात 8:46 बजे तक पूजा अर्चना किए। गन्ने का मंडप तैयार कर भगवान शालिग्राम व तुलसी का विवाह रचाया गया।

# शिकारीटोला में धान खरीदी की तैयारी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के खरीदी केंद्र शिकारीटोला में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी की जा रही है। स्टेक के लिए परिसर में बने चबूतरों पर भूसों को बोरियों में भरकर रखा जा रहा है। कुछ किसान जानकारी के अभाव में धान बिक्री के लिए टोकन कटाने धान खरीदी केंद्र पहुंच गए थे। लेकिन, कार्यालय नहीं खुले होने और टोकन कटाने संबंधी कोई सूचना नहीं लिखी होने से, उन्हें जानकारी नहीं मिल पाई। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के प्रभारी प्रबंधक झग्गू सिंह पिस्दा ने बताया कि धान खरीदी की तैयारी कर ली गई है। चार इलेक्ट्रानिक कांटे की खरीदी समिति द्वारा की गई है तथा छह नग तराजू बांट वाला कांटा है। बारदाना अभी पर्याप्त आ गया है। शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी की जाएगी।

#### जांच व कार्रवाई की मांग

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि धान बेचने के लिए आने वाले किसानों के किसानों के बैठने व आराम करने के लिए किसान कुटीर का निर्माण किया जाना है, किंतु निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों के गैर जिम्मेदारना कार्य के कारण आज तक भवन निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि भवन निर्माण में हुए विलंब की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने के साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाया जाए, ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो।

#### किसान कुटीर का निर्माण अधूरा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में किसानों के बैठने के लिए बन रहा किसान कुटीर स्वीकृति के 20 माह बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार किसान कुटीर का भवन मंडी बोर्ड बालोद से स्वीकृत हुआ है, जिसकी लागत 12 लाख रुपए है। भवन निर्माण स्वीकृति के चार माह में पूर्ण होना था, किंतु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज तक अधूरा पड़ा है। हालांकि, निर्माण स्थल पर इससे संबंधित कोई सूचना बोर्ड नहीं लगा है। वहीं, इस संबंध समिति के पदाधिकारियों ने भी किसी तरह की जानकारी नहीं होने की बात कही।

### नगर के टाउनहाल में हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

# लक्ष्मी माता की पूजा कर कुण्डलियों का किया गया निःशुल्क विश्लेषण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नगर के टाउनहाल में दो दिवसीय माता लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना एवं दिव्य दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान भविष्यवक्ता जबलपुर पं. विनोद दुबे ने निःशुल्क धन लाभ के लिए किशमिश व गुलाब की पंखुड़ी से लक्ष्मी माता का पूजन व निःशुल्क कुण्डली विश्लेषण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के अलावा दुर्ग, भिलाई, रायपुर, धमतरी, खैरागढ़, दल्लीराजहरा, राजनांदगांव के अलावा उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान व अन्य प्रांतों के श्रद्धालु शामिल हुए।

आयोजन समिति श्री महालक्ष्मी जन कल्याण समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोजन भण्डारा व ठहरने की व्यवस्था की गई। देर रात्रि तक श्रद्धालु पं. विनोद दुबे से जन्म कुण्डली के आधार पर समस्या के निराकरण के उपाय की जानकारी के लिए जुटे रहे। पंडित विनोद ने जन्म कुंडली के आधार पर श्रद्धालुओं के भूत, भविष्य व वर्तमान की समस्या से अवगत कराते हुए सचेत रहकर आगे बढ़ने की सलाह दी। समापन पर हवन पूर्णाहूति का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान चर्चा करते हुए पंडित विनोद दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कुछ लोग भोले-भाले व सीधे लोगों को बाहर से आकर कुछ भी बता कर चले जाते हैं। हमारा



उद्देश्य समाज में फैली कुरूतियों के भ्रम को समाप्त कर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यहां के लोगों को दिगभ्रमित कर रहे हैं, जिससे सचेत रहने की आवश्यकता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग)करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

# रेडक्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति के सदस्यों का किया गया चयन



**बालोद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी सामान्य सभा की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति जिला प्रबंध समिति का चयन किया गया। बता दें कि जिले में रेडक्रास सोसायटी में कुल 513 सदस्य है। सामान्य सभा की बैठक में आधे से अधिक सदस्य उपस्थित थे। जिला प्रबंधन समिति के गठन के लिए जिलेभर से रेडक्रास सोसायटी के सदस्य बड़ी संख्या में पहुंचे थे। बैठक अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में हुई। समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी संख्या में सदस्यों ने रूची दिखाई थी। उपस्थित सदस्यों ने वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में जिला प्रबंधन समिति के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लेकर 30 सदस्यों का चयन किया। बैठक में डॉ प्रदीप जैन, डॉ ए.बी महिश्वर, मोहन भाई पटेल, बृजेश पांडे, ओमप्रकाश टुवानी, महिला सदस्य कमला वर्मा, राधा कौशिक, शशिकला देशमुख, पुष्पा देशमुख, चन्द्रशेखर पवार, शरद ठाकुर, तोमन साहू, अकबर तिगाला, दिनेश तापड़िया, रवि पांडे, हरीश कटझरे, कमलेश सोनी, राकेश यादव, अंचल प्रकाश साहू, आदित्य पीपरे, प्रेमचंद क्षीर सागर, सौरभ लुनिया, राकेश द्विवेदी, अश्वनी यादव, डॉ मोना टुवानी, अश्वर बारले, एनुका सार्वा, महेश पाडे, डॉ किशोर साहू, किशोर बराडे, राकेश यादव को जिला प्रबंध समिति का सदस्य मनोनित किया गया। सभी मनोनीत सदस्यों द्वारा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा।

10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
07 दिसंबर 2024
10 दिसंबर 2024
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक
4 रात व 5 दिन Ex न्यू जलपाईगुड़ी
24 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511